शहर स्वच्छ तो हम स्वस्थ

अण्डमान निकोबार
द्वीप समाचार

जल बचाओ
भविष्य को बचाओ

रजि.न.34300/80 संख्या 64 पोर्ट ब्लेयर, मंगलवार, 05 मार्च 2024 web: www.and.nic.in 2.00 रुपए

नीम्बूडेरा और बाराटांग में बकरी पालन पर क्षमता विकास कार्यक्रम

पोर्ट ब्लेयर, 4 मार्च।

यहां के भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद

(आईसीएआर)–केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान (सीआईएआरआई) के पशु विज्ञान प्रभाग ने नीम्बूडेरा में आईसीएआर–कृषि विज्ञान केन्द्र (केवीके) के साथ 1 से 2 मार्च, 2024 को उत्तर व मध्य अंडमान जिले के नीम्बूडेरा और बाराटांग में बकरी सुधार पर एआईसीआरपी के तहत बकरी पालन पर क्षमता विकास कार्यक्रम आयोजित किए। प्राप्त विज्ञप्ति के अनुसार कार्यक्रम में कुल 70 किसानों ने भाग लिया। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पी. पेरुमल और एआईसीआरपी बकरी सुधार परियोजना के वैज्ञानिक और सह पीआई डॉ. आर.आर. एलीथोडी ने अंडमानी बकरी की उत्पादकता में सुधार के लिए वैज्ञानिक हस्तक्षेपों और प्रौद्योगिकियों के बारे में जानकारी दी।